भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2138

20 दिसम्बर, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि वानिकी

2138 श्री सुरेश कश्यप:

श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना कार्यान्वित की गई है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) किन-किन राज्यों में उक्त योजना लागू की जा रही है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने और अपनी खेती प्रणाली को अधिक जलवायु अनुकूल बनाने में सहायता करने के लिए फसल/फसलन प्रणालियों के साथ कृषि भूमि पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 से केंद्रीय प्रायोजित योजना कृषि वानिकी उप-मिशन (एसएमएएफ) कार्यान्वित की गई थी।

(ख): यह योजना 21 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और 2 संघ राज्य क्षेत्रों अर्थात जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कार्यान्वित की गई थी। यह योजना उन राज्यों में कार्यान्वित की जाती है जहां लकड़ी के परिवहन के लिए उदार पारगमन नियम हैं।

(ग): वर्ष 2016-17 से योजना के तहत कवर किया गया क्षेत्र 161238 हेक्टेयर है।

*****